EDITION IND ಕನ್ನಡ മലയാളം বাংলা తెలుగు தமிழ் मराठी ગુજરાતી Samayam English Pregatips लॉगिन

NBT नवभारत टाइम्स By THE TIMES OF INDIA

बिजनेस न्यूज बिजनेस भारत राज्य दुनिया खेल लाइफस्टाइल धर्म मनोरंजन रियल एस्टेट लीगल हेल्थ More शहर

रुपया डायरी इनकम टैक्स फाइनेंशियल लिटरेसी रेलवे शेयर बाजार रिन्यूएबल एनर्जी फोटो विडियो ईटी की पाठशाला कमोडिटीज़

गूगल न्यूज़ में हमारे साथ जुड़ें NBT को सिलेक्ट कर

SBI Fund Management | Rail Accident | Nanny Cost for NRI | Gold Silver Price




# Anil Agarwal: अनिल अग्रवाल सरकार की तेज रफ्तार से खुश, क्रिटिकल मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी पर गदगद हुए वेदांता के चेयरमैन

Curated By: राजेश भारती | नवभारतटाइम्स.कॉम • 19 Jul 2026, 3:01 pm IST

Subscribe YouTube 12M


वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने भारत में क्रिटिकल मिनरल्स ब्लॉकों की तेज नीलामी के लिए सरकार की सराहना की है। आठवें चरण में 20 नए ब्लॉकों की बोली शुरू हुई है, जिससे माइनिंग, EV, डिफेंस और क्लीन एनर्जी सेक्टर को बड़ा बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



अनिल अग्रवाल ने की सरकार की तारीफ।

Advertisement

ADVERTISING




आज का AQI नई दिल्ली
तापमान वायु गुणवत्ता
72 AQI
PM2.5 22 μg/m³
मॉडरेट

Powered By AQI

Advertisement

ADVERTISING

**नई दिल्ली:** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने भारत में क्रिटिकल मिनरल्स के ब्लॉक्स की नीलामी को लेकर सरकार की तेज कार्यशैली की जमकर तारीफ की है। इस बारे में उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट भी की है। सरकार ने हाल में आठवें चरण की शुरुआत में 20 खनिज ब्लॉकों के लिए बोलियां मंगाई गई हैं।

Great teams are built on trust, performance, and protection — on and off the As an Official FIFA Technology Partner, Lenovo is helping power the future of global football with smarter technology and enterprise-grade security solutions. From devices used behind the scenes to the digital infrastructure that keeps operations running seamlessly, Lenovo ThinkShield and Digital Workplace Solutions are designed to protect people, devices, identities, and data at every

अपनी एक पोस्ट में अनिल अग्रवाल ने लिखा है कि महत्वपूर्ण खनिजों (Critical Minerals) सहित अन्य खनिज ब्लॉकों को इतनी शानदार रफ्तार से नीलामी के लिए लाने पर सरकार को बहुत-बहुत बधाई। अब हमें उतनी ही तेजी से जमीन पर काम (माइनिंग ऑपरेशंस) भी शुरू करने की जरूरत है। भारत इस क्षेत्र में एक वैश्विक महाशक्ति बनकर उभरेगा।


Anil Agarwal Foundation: 'बिहार की मिट्टी का कर्ज चुकाने का मौका', वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने राज्य सरकार के साथ किया बड़ा समझौता

## क्या है पूरा मामला?

खनन मंत्रालय ने देश में क्रिटिकल और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी के आठवें चरण की शुरुआत कर दी है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस नए दौर में 9 राज्यों में फैले कुल 20 खनिज ब्लॉकों के लिए बोलियां मंगाई गई हैं।

**YOU MAY LIKE** SPONSORED LINKS BY TABOOLA

Fly with Cathay Pacific



## नीलामी से जुड़ी मुख्य बातें

इस नए चरण के साथ ही सरकार द्वारा अब तक पेश किए गए कुल क्रिटिकल मिनरल ब्लॉकों की संख्या 88 पहुंच गई है। इनमें से 56 ब्लॉकों की नीलामी पहले ही सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी है, जो खनन क्षेत्र में भारतीय उद्योगों के बढ़ते भरोसे को दिखाता है।

आठवें चरण में जिन 20 खनिजों की नीलामी हो रही है, वे देश की सुरक्षा और तरक्की के लिए रीढ़ की हड्डी माने जाते हैं। इनका इस्तेमाल क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रिक गाड़ियां (EV), एडवांस मैन्युफैक्चरिंग, खाद, डिफेंस, एयरोस्पेस और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे रणनीतिक उद्योगों में बड़े पैमाने पर होगा।

### रेकमेंडेड खबरें


Harsh Goenka Post: 'ये ब्रिज देखकर दुनिया के बड़े-बड़े इंजीनियर परेशान हैं',...


Goldman Sachs Warning: होर्मुज टेंशन से 120 डॉलर का डर लौटा...



India Iraq Oil Plan: भारत ने पीछे खींचे हाथ, इराकी तेल उठाने का प्लान...



Unclaimed Money: सिर्फ सही क्लेम करने की देरी, LIC और EPFO...


Crude Oil Supply: भारत

Advertisement

ADVERTISING

Great teams are built on trust, performance, and protection — on and off the As an Official FIFA Technology Partner, Lenovo is helping power the future of global football with smarter technology and enterprise-grade security solutions. From devices used behind the scenes to the digital infrastructure that keeps operations running seamlessly, Lenovo ThinkShield and Digital Workplace Solutions are designed to protect people, devices, identities, and data at every level. In a fast-moving digital world where every connection matters, Lenovo enables organizations to stay secure, productive, and ready for anything. With advanced endpoint protection, proactive threat prevention, secure remote collaboration, and AI-powered workplace solutions, ThinkShield delivers built-in security that works silently in the background — so teams can focus on performance, innovation, and the moments that matter most.

**Anil Agarwal**
@AnilAgarwal_Ved · Follow

Many congratulations to the Government on the amazing speed at which it is bringing mineral blocks, including critical minerals, to auction.

Let's also put a shovel into the ground and operationalise with equal speed. India will become a global force in this sector.

11:19 AM · Jul 18, 2026

250 Reply Copy link

Read 23 replies

## 13 नए और 7 री-बिडिंग ब्लॉक्स

इस दौर के 20 माइनिंग ब्लॉक्स में से 13 बिल्कुल नए खोजे गए खनिज क्षेत्र हैं, जबकि 7 ऐसे ब्लॉक हैं जिन्हें पहले बेचा नहीं जा सका था और अब दोबारा बोली (Re-bidding) के लिए पेश किया गया है।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, नीलामी की इस रफ्तार के बाद अगर इन खदानों में काम भी जल्द शुरू हो जाता है, तो भारत कच्चे माल के लिए विदेशों पर निर्भरता कम कर सकेगा और दुनिया का एक बड़ा माइनिंग हब बन जाएगा।



लेखक के बारे में
**राजेश भारती**
राजेश भारती, नवभारत टाइम्स (डिजिटल) में असिस्टेंट न्यूज एडिटर हैं। वह जुलाई 2024 में टाइम्स ऑफ इंडिया ग्रुप के नवभारत टाइम्स, डिजिटल विंग से जुड़े। राजेश भारती NBT डिजिटल में बिजनेस डेस्क पर कार्यरत हैं। वह कमोडिटी मार्केट, शेयर मार्केट, पर्सनल फाइनेंस, क्रिप्टोकरेंसी पर मजबूत पकड़ रखते हैं। 16 साल ... और पढ़ें

कन्वर्सेशन शुरू करें | कमेंट पोस्ट करें